उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, मुख्यपीठ जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक C/4326 /   जबलपुर, दिनांक 18/11/2019

बहुधा यह पाया गया है कि रजिस्ट्री के कुछ कर्मचारी कार्यालय में विभिन्न रंगों एवं बनावट की वेशभूषा मे उपस्थित होते हैं, जो कि उच्च न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं होती है।

अतः उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, मुख्यपीठ जबलपुर एवं खंडपीठ ग्वालियर, इंदौर के समस्त काडर के अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यालय मे कार्यालयीन शिष्टाचार बनाये रखते हुये सादगीपूर्ण वेशभूषा में उपस्थित हों तथा जींस टी-शर्ट एवं भडकीले रंगों वाली वेशभूषा में कार्यालय में उपस्थित न हो, और साधारण रंगों के वस्त्रों (Soberly Dressed) एवं सादगीपूर्ण वेशभूषा में ही कार्यालय मे उपस्थित हो। इसके अलावा यह भी निर्देशित किया जाता है कि ऐसे समस्त कर्मचारी जिनके गणवेश निर्धारित है/जिनको गणवेश प्रदान किया जाता है, वे सभी कर्मचारी निर्धारित गणवेश मे ही कर्तव्य स्थल/कार्यालय में रहें।

माननीय न्यायालय में पदस्थ कर्मचारी (सेक्रेटरी टू द जजेस, सीनियर पर्सनल असिस्टेंट, पर्सनल असिस्टेंट, एवं रीडर) काले पेंट, सफेद शर्ट व काले कोट एवं टाई मे कार्यालय में उपस्थित होवें।

उपरोक्त निर्देशो का उल्लघंन करने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

अतः निर्देशों का कडाई से पालन कराया जाना सुनिश्चित करावें।

(राजेन्द्र कुमार वाणी)
रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठाकंन क्रमांक C/4327   जबलपुर, दिनांक 18/11/2019

प्रतिलिपिः-

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर, इंदौर, म.प्र.
2. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खंडपीठ ग्वालियर, नवीन उच्च न्यायालय भवन, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)
3. रजिस्ट्रार (प्रशासन)/न्यायिक 1 एवं 2/डी.ई/ई/व्ही/आई.एल/कम-पी.पी.एस./इस्पैशन एवं विजीलैस, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
4. चीफ सिस्टम एनालिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर इस अनुरोध के साथ कि आदेश उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइड पर अपलोड कराने हेतु।
5. डिप्टी कन्ट्रोलर एकाउटंस, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
6. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (लेखा), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर
7. ज्वाइंट रजिस्ट्रार (एम)(प्रोटोकॉल), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
8. डिप्टी रजिस्ट्रार(एम)..........., उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
9. असि रजिस्ट्रार(एम), ... उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
10. एडमिस्ट्रेटिव ऑफिसर/इचार्ज.......... उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर.
11. सहायक स्थापना/अवकाश/लेखा/बजट/पेंशन/सेवापुस्तिका/वेतन पत्रक, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
12. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
13. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार न्यायिक/आई.एल.आर. एवं परीक्षा/सतर्कता महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.
14. इचार्ज सीएमसी/डिजिटाईजेशन सेल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर.

की ओर रजिस्ट्री पृष्ठाकन आदेश क्रमांक 4748 जबलपुर, दिनांक 16.10.2015 के तारतम्य में निर्देशो का कडाई से पालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित :

(प्रियदर्शन शर्मा)
रजिस्ट्रार (प्रशासन)